卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक


# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 187 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦14 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# इंफ्रास्ट्रक्चर से बदल रहा उत्तराखण्ड का भविष्य: मोदी

## प्रधाानमंत्री मोदी ने किया दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण, विकास को मिली नई रफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भव्य रोड शो के बाद बहुप्रतीक्षित 6 लेन दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। लगभग 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस महत्वाकांक्षी परियोजना से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा का समय घटकर लगभग ढाई घंटे रह जाएगा, जो पहले करीब छह घंटे का था। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से उत्तराखंड सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों को भी सीधा लाभ मिलेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले डाट काली मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने लगभग 12 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस दौरान सड़कों के दोनों ओर उमड़े जनसैलाब ने मोदी मोदी के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड पहुंचे, जहां भारी भीड़ उनकी एक झलक पाने के लिए उमड़ी रही। सभा स्थल पर पहुंचकर प्रधानमंत्री ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और नंदा देवी राजजात यात्रा से संबंधित स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंच पर प्रधानमंत्री को पारंपरिक पहाड़ी टोपी भी पहनाई गई। वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री को ब्रह्मकमल का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने हजारों लोगों की मौजूदगी में रिमोट के माध्यम से एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर इसे देश को समर्पित किया।अपने संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वाली और कुमाऊंनी बोली में नमस्कार कर की। उन्होंने देरी से पहुंचने के लिए लोगों से क्षमा भी मांगी और कहा कि वह समय पर निकले थे, लेकिन 12 किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान लोगों का उत्साह और स्नेह इतना अधिक था कि उन्हें रुक रुक कर लोगों का अभिवादन स्वीकार करना पड़ा, जिससे यहां पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लग गया। उन्होंने कहा कि वह उत्तराखंड से नई ऊर्जा और प्रेरणा लेकर जा रहे हैं।प्रधानमंत्री ने देशवासियों को वैसाखी और बोहाग जैसे पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देशभर में नववर्ष और त्योहारों की उमंग है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अभूतपूर्व स्तर पर बुनियादी ढांचे के विकास पर काम कर रही है। पहले देश में इस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर पर सालाना दो लाख करोड़ रुपये भी खर्च नहीं होते थे, जबकि आज यह आंकड़ा 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में ही ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले उत्तराखंड के गांवों में सड़क पहुंचने का इंतजार करते करते पीढ़ियां गुजर जाती (शेष पृष्ठ 7पर)





## पीएम मोदी ने डाट काली मंदिर में की पूजा अर्चना

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री डाट काली मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और देशवासियों के सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना की। मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों ने प्रधानमंत्री से पूजा संपन्न कराई।



कार्यक्रम का एक विशेष क्षण तब देखने को मिला जब प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ मिलकर संगीतमय महिषासुरमर्दिनी स्तोत्र 'अयि गिरिनन्दिनि नन्दितमेदिनि' का पाठ किया। इस दौरान वे पूरी तरह भक्ति भाव में लीन नजर आए और दोनों हाथों से ताली बजाते हुए माता रानी का गुणगान किया। पूजा के साथ ही प्रधानमंत्री ने पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मंदिर के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करते हुए वहां समय बिताया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंदिर के पुरोहितों से भेंट कर उनसे बातचीत की और जानकारी प्राप्त की। पुरोहितों ने भी उन्हें मंदिर के इतिहास और (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रधानमंत्री का 12 किमी लंबा ऐतिहासिक रोड शो

देहरादून (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड के इतिहास में आज एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी देहरादून में 12 किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो किया। सिद्धपीठ मां डाट काली मंदिर में मत्था टेककर और प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद लेने के बाद शुरू हुआ यह रोड शो ऐतिहासिक रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंडवासियों ने अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री का ऐसा अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रधानमंत्री के स्वागत में डाट काली से लेकर जसवंत मैदान तक सड़क के दोनों ओर 12 किलोमीटर लंबी अटूट मानव श्रृंखला दिखाई दी। जैसे ही प्रधानमंत्री का काफिला एलिवेटेड रोड पर पहुंचा, समूचा क्षेत्र वंदे मातरम और भारत माता की जय और मोदी-मोदी के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। सड़क किनारे तिरंगा थामे हजारों लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। प्रधानमंत्री ने भी मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर जनता के इस असीम स्नेह का अभिवादन स्वीकार किया। पूरे मार्ग पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। रोड शो के दौरान सड़कों पर उत्तराखंड की समृद्ध धर्म-संस्कृति की झलक भी साफ तौर पर दिखाई दी। जगह-जगह पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों और ढोल-दमाऊ की थाप ने माहौल को और भी अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। बल्लूपुर चौक तक पहुंचते-पहुंचते जनसैलाब इस कदर उमड़ा कि हर तरफ केवल श्मोदी-मोदीश के नारे ही सुनाई दे रहे थे। ऐतिहासिक रोड शो के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। डाट काली से जसवंत मैदान तक यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहा और चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कड़ी सुरक्षा के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। लोग अपने घरों की छतों और बालकनी से प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को बेताब नजर आए। 12 किलोमीटर के (शेष पृष्ठ 7पर)




## यूपी पुलिस ने युवक को पीटकर किया अधमरा

### चौकी में बंद कर बेल्ट और डंडों से की बर्बरता, पैर की हड्डी टूटी

रूद्रपुर (उद संवादाता)। उत्तर प्रदेश के बिलासपुर थाने के अंतर्गत रुद्रविलास चौकी पुलिस का एक बेहद शर्मनाक और गैर-जिम्मेदाराना चेहरा सामने आया है। यहां तैनात एक दरोगा और उसके साथी पुलिसकर्मियों पर नशे की हालत में एक निर्दोष युवक को उठाकर चौकी में ले जाकर बर्बरतापूर्वक पीटने का गंभीर आरोप लगा है।पुलिस की इस अमानवीय पिटाई से युवक बेहोश हो गया और उसके पैर की हड्डी तक टूट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम डिबडिबा निवासी संजय रविवार शाम को अपने साथियों के साथ गांव के पास ही खड़ा था। इसी दौरान रुद्रविलास चौकी का एक दरोगा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ कथित तौर पर नशे की हालत में वहां पहुंचा और संजय को जबरन गाड़ी में बैठाकर चौकी ले गया।



पीड़ित संजय का आरोप है कि जब उसने पकड़कर लाने का कारण पूछा, तो पुलिस कर्मियों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया और बेल्ट, डंडों तथा लात-घूसों से उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। हैरानी की बात यह है कि जब संजय ने फोन पर परिजनों को सूचना दी, तो पुलिसकर्मियों ने फोन पर ही गाली-गलौज शुरू कर दी। कुछ ही देर में जब संजय (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेड़ पर चढ़ा गुलदार,वन विभाग ने किया रेस्क्यू

### गर्भती गुलदार को डॉक्टरों की निगरानी में किया गया ट्रेंकुलाइज

रामनगर (उद संवादाता)। रामनगर के लुटाबड़ क्षेत्र में आबादी के बीच पेड़ पर चढ़े एक गर्भवती गुलदार का सफल रेस्क्यू कर वन विभाग ने संभावित खतरे को टाल दिया। मंगलवार सुबह गुलदार को कटहल के पेड़ पर चढ़ा देख क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घनी आबादी वाला इलाका होने के कारण मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। सूचना मिलते ही तराई पश्चिमी वन प्रभाग की टीम रेंज अधिकारी पूरन सिंह खनायत के नेतृत्व में मौके पर पहुंची।



उच्चाधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा और उनकी टीम की देखरेख में गुलदार को सावधानीपूर्वक ट्रेंकुलाइज किया गया और सुरक्षित पेड़ से नीचे उतारा गया। जांच में पता चला कि यह मादा गुलदार लगभग 4 से 5 साल की है और गर्भवती है, (शेष पृष्ठ 7पर)

# उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु सरकार प्रतिबद्ध: धामी

## सीएम धामी ने सद्भावना सम्मेलन से सामाजिक एकता का दिया संदेश





हरिद्वार(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में ऋषिकुल मैदान में आयोजित "मानव सेवा एवं उत्थान समिति" के सद्भावना सम्मेलन, बैसाखी महोत्सव 2026 में प्रतिभाग करते हुए कहा कि भारत की सनातन संस्कृति सदैव से 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत पर आधारित रही है, जो पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में देखने का संदेश देती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में सम्मेलन में उपस्थित देशभर से आए संतों, अतिथियों, माताओं, बहनों, युवाओं एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए वैशाखी पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।उन्होंने कहा कि सतपाल महाराज के मार्गदर्शन में "मानव सेवा एवं उत्थान समिति" द्वारा समाज में समरसता, सेवा और नैतिक जागरण के लिए किए जा रहे कार्य अत्यंत प्रेरणादायी हैं। वर्तमान समय में जब विश्व विभिन्न संघर्षों और तनावों से गुजर रहा है, ऐसे में प्रेम, सद्भाव और मानवता का संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने सदैव वैश्विक स्तर पर मानवता की सेवा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश द्वारा 'एक पृथ्वी-एक परिवार-एक भविष्य' की भावना को आगे बढ़ाने का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरोना काल में अनेक देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराना, योग और आयुर्वेद को वैश्विक पहचान दिलाना तथा विभिन्न आपदाओं के समय सहायता प्रदान करना भारत की मानवीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है।उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द किसी भी राष्ट्र की प्रगति के मूल आधार होते हैं। इसी दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने को सामाजिक न्याय और समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्यों, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर एवं शारदा कॉरिडोर के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन प्रयासों से प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और सुदृढ़ किया जा रहा है। साथ ही, दून विश्वविद्यालय में 'सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज' की स्थापना को भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सद्भावना सम्मेलन समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को और अधिक सशक्त करेगा तथा इसके सकारात्मक परिणाम दूरगामी होंगे। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सतपाल महाराज एवं "मानव सेवा एवं उत्थान समिति" को शुभकामनाएं भी दीं।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का भाजपा जिला कार्यालय में हुआ स्वागत




रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक ढांचे को नई ऊर्जा और गति प्रदान करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों का फूल-मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सभी ने आगामी सांगठनिक चुनौतियों के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।समारोह के मुख्य अतिथि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं के दम पर है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि संगठन की मजबूती ही हमारी असली शक्ति है। विधायक ने जोर देकर कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए सेतु के रूप में कार्य करना होगा, ताकि अंत्योदय का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना ने नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज राजनीति के हर क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी संगठन को नई ऊंचाइयां दे रही है। जिला महामंत्री एवं महिला मोर्चा प्रभारी तरुण दत्ता ने संगठनात्मक बारीकियों पर चर्चा करते हुए कहा कि मंडल स्तर पर मजबूती ही जिले की सफलता का आधार बनती है। प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी और दर्जा राज्यमंत्री सीमा चौहान ने भी अपने संबोधन में पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी की बधाई देते हुए उन्हें संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित रहने की सीख दी।समारोह में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोइनी पोखरिया, जिला मंत्री सुलोचना रावत, जिला महामंत्री प्रीति धीर और प्रेमलता चौहान सहित संगठन के कई वरिष्ठ चेहरे मंच पर उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष नीलू गुप्ता, स्वाति शर्मा, रजनी रावत और दया डसीला ने भी कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग किया। वहीं कोषाध्यक्ष तारा बिष्ट, जिला मंत्री बीना साहू एवं संगीता शर्मा ने नवागंतुक पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। मंडल स्तर की नेतृत्व शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए मंडल अध्यक्ष निर्मला सिंह, रीना जग्गा, सुषमा अग्रवाल, पिंकी चतुर्वेदी, कविता मान, अंजली जोशी और रेणु यादव ने भी सक्रिय सहभागिता की। समारोह में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक स्वर में पार्टी की रीति-नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# अंबेडकर जयंती पर राहगीरों को बांटी खीर

रूद्रपुर। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पर झील के निकट भारती किराना स्टोर के पास विशेष कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और श्रद्धालुओं के बीच खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और उनके द्वारा रचित संविधान ही आज देश की प्रगति का आधार है।



खुशी के इस मौके पर खीर वितरण का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज और पिंटु गौतम पटवारी के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर संयोजक गोपाल भारती, गोपाल गौतम, एडवोकेट गोपाल शर्मा, राजेश वर्मा और अजय शर्मा ,जय मदन गोपाल शर्मा, पिंटु गौतम, पटवारी, विजय कुमार शर्मा आदि लोग मोजूद थे।

# अब ऑनलाइन स्व-गणना भी कर सकेंगे नागरिक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना के तहत निर्धारित पोर्टल पर मकान सूचीकरण का ऑनलाइन कार्य पूर्ण करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य गतिमान है, जिसमें आम नागरिक



ऑनलाइन माध्यम से खुद ही अपनी गणना कर सकते हैं।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है और यह सुविधा आगामी 24 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने समस्त जन मानस से आग्रह किया कि निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि नागरिक स्व-गणना के माध्यम से न केवल राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें, बल्कि जनगणना 2027 की महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार भी बनें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# होली चाइल्ड स्कूल में क्रिकेटर मयंक मिश्रा का भव्य स्वागत




रूद्रपुर।होली चाइल्ड स्कूल के विशाल सभागार में प्रसिद्ध क्रिकेटर मयंक मिश्रा को समस्त छात्र छात्राओं एवं गुरुजनों के समक्ष सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने मयंक मिश्रा को पुष्प गुच्छ, शॉल, मोमेंटो एवं उपहार भेंट किए। मयंक मिश्रा एक प्रतिभाशाली बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिन गेंदबाज हैं, जिन्होंने वर्ष 2018 में अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेला था और आज वह उत्तराखंड क्रिकेट का एक अहम नाम बन चुके हैं। उत्तराखंड राज्य की क्रिकेट टीम के गठन के बाद से ही वह टीम का निरंतर हिस्सा रहे हैं।मयंक मिश्रा ने विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए हैं, जिनमें कई बार एक पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में झारखंड, सर्विसेज, राजस्थान, नागालैंड, बंगाल और गुजरात के खिलाफ 5 विकेट लेना शामिल है। वर्ष 2022 में उन्होंने बंगाल के खिलाफ 10 विकेट और राजस्थान के खिलाफ 11 विकेट लेकर अद्भुत रिकॉर्ड बनाया। वह सभी प्रारूपों में उत्तराखंड के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और वर्ष 2019 में गोवा के खिलाफ टी20 मैच में हैट्रिक लेने वाले उत्तराखंड के पहले खिलाड़ी बने।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मयंक मिश्रा ने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन के साथ हमेशा अपने खेल को दिन प्रतिदिन निखारना चाहिए। मेहनत से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए, तभी लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे ने कहा कि मयंक मिश्रा ने न केवल अपनी गेंदबाजी से टीम को मजबूती प्रदान की है बल्कि उत्तराखंड क्रिकेट को नई पहचान भी दिलाई है।इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, उप प्रधानाचार्य एडमिन प्रदीप कुमार जोशी,उप प्रधानाचार्य अकादमिक मंजू अधिकारी, फिजिकल एजुकेशन एचओडी सुधाकर सिंह, क्रिकेट कोच पलाश भारद्वाज तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने मयंक मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।






# सिडकुल में अज्ञात वाहन से कुचलकर श्रमिक की दर्दनाक मौत

## सडकुल के सेक्टर-एक स्थित वोल्टास कंपनी के पास हुआ हादसा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल के सेक्टर-1 स्थित वोल्टास कंपनी के पास मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात वाहन चालक ने एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा- तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद वहां मौजूद लोगों से घटना के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस द्वारा मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक स्कूटी की चाबी, मोबाइल फोन और लगभग 300 रूपये नकद बरामद हुए हैं। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है और आरोपी अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपी वाहन चालक को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।


'जय माता दी' 'जय बाबा की'

श्री जोगेन्द्र पाल एवं अमन गुंबर जी के सौजन्य से

श्री बालाजी दरबार एवं भंडारा

स्थान:- ओमेक्स क्लब रूद्रपुर में

दिनांक: 14 अप्रैल 2026 (आज रात्रि) समय: रात्रि 8:30 बजे से

निवेदक:-विकास शर्मा, श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार, संपर्क सूत्र 8439733314,8272020006,9897545454

# विकास कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं: सीएम

## लंबित घोषणाओं पर बीस दिन के भीतर शासनादेश जारी करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट एवं बागेश्वर से संबंधित घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन घोषणाओं पर अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उन पर अधिकतम 20 दिनों के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब न हो।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य सरकार के मूल मंत्र सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए और विधायकों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों की गति बनाए रखी जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को वन भूमि स्थानांतरण से जुड़े मामलों की जनपद स्तर पर



नियमित समीक्षा करने और प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि विकास कार्यों की बाधाएं दूर हो सकें।बैठक में मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के रखरखाव के लिए संबंधित विभागों की एक समन्वय समिति गठित की जाए। यह समिति सड़कों के मरम्मत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करेगी ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम बना रहे। वर्षाकाल को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी सड़कों के पैच वर्क का कार्य बरसात से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। खेल सुविधाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर खेल मैदानों के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है, वहां 15 दिनों के भीतर धनराशि जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।मुख्यमंत्री ने कनालीछीना से पिपली बगड़ीगांव तक मोटर मार्ग के चौड़ीकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कपकोट के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय के साथ पूर्व माध्यमिक स्कूल संचालित करने और बागेश्वर जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में विधायक बिशन सिंह चुफाल, सुरेश गड़िया, पार्वती दास, फकीर राम, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगौली, एसएन पाण्डेय, कुमांऊ कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी आशीष भटगांई और आकांक्षा कोण्डेउपस्थित थे।

# नवनिर्वाचित युका प्रदेश उपाध्यक्ष साहू का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू का राजपुरा स्थित उनके आवास कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। वक्ताओं ने कहा कि हेमन्त साहू ने हमेशा समाजहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। उनके नेतृत्व में हुए जन आंदोलनों ने



आमजन की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सचिन राठौर ने कहा हेमन्त साहू सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। जरूरतमंदों की सहायता, युवाओं को संगठित करने और क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयास सराहनीय रहे हैं। राज्य आन्दोलन कारी राजेन्द्र बिष्ट ने कहा हेमन्त साहू के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। सभी ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे 2027 में काग्रेस की बहुमत से सरकार बनेगी। स्वागत करने वालों में जसविंदर भसीन, मेहुल साह, मयंक गोस्वामी, रेखा जाटव, मोनू चौहान, आनीता आर्या, शाहनवाज मलिक, सुशील मसीह समेत तमाम कार्यकर्ता थे।

# जनगणना को लेकर बैठक आयोजित

गदरपुर। तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी रिचा सिंह एवं तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट द्वारा जनगणना 2026 को सफल बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने आमजन से स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) के माध्यम से इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।अधिकारियों ने बताया कि अब नागरिकों को प्रगणक के घर आने का इंतजार करने की



आवश्यकता नहीं है। स्व-गणना की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू हो चुकी है, जो 24 अप्रैल तक चलेगी। इसके उपरांत प्रथम चरण में 25 अप्रैल से 24 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों की सूची तैयार करेंगे। बैठक में जानकारी दी गई कि इच्छुक नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर स्वयं का पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से सत्यापन अनिवार्य होगा। प्रक्रिया पूरी होने पर प्राप्त होने वाली श्एसई आईडीश् को प्रगणक के आने पर दिखाना होगा। उप जिलाधिकारी रिचा सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने घर आने वाले प्रगणकों को सटीक जानकारी देकर सहयोग करने का भी आग्रह किया। जनजागरूकता की दिशा में पहल करते हुए उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार ने अपनी टीम के साथ स्वयं भी स्व-गणना कर स्थानीय लोगों को प्रेरित किया।

# डमरू का मखौल उड़ाने वालों का होगा राजनीतिक अंत: महापौर

## रिंग रोड के झूठ का पर्दाफाश होने से विपक्षी बेचैन

रुद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए भारतीय संस्कृति और धार्मिक प्रतीकों के प्रति उनके रवैये की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में त्रिशूल और डमरू जैसे पवित्र प्रतीकों पर राजनीति करना कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। महापौर ने कहा कि हाल ही में जब से रुद्रपुर रिंग रोड को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का साक्ष्यों के साथ पर्दाफाश किया गया तब से विपक्षी खेमे में भारी बेचौनी और घबराहट का माहौल है।विकास शर्मा ने कहा कि जिस डमरू का विपक्षी दल मखौल उड़ा रहे हैं, वह वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हो रहे चहुंमुखी विकास की थाप है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की मौजूदा हरकतें विकास की इस थाप के सामने उनकी अपनी बौखलाहट का विलाप मात्र हैं। डमरू की थाप से वही लोग भयभीत हैं जो केवल कठपुतली की तरह राजनीति करना जानते हैं।भारतीय संस्कृति पर कटाक्ष करने को लेकर महापौर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस पार्टी के शीर्ष नेता खुद अपनी छवि और अपरिपक्वता के कारण चर्चा में रहते हों, उनसे



भारतीय संस्कृति और आस्था की गहराई समझने की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को डमरू और त्रिशूल जैसे प्रतीकों से डर इसलिए लगता है क्योंकि अब देश में तुष्टीकरण की राजनीति का अंत हो गया है। जनता अब केवल विकास और राष्ट्रवाद की विचारधारा पर भरोसा कर रही है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण समय-समय पर भाजपा के पक्ष में मिल रहा जनसमर्थन है।महापौर ने कहा कि उनका एकमात्र एजेंडा अब केवल झूठ फैलाना और विकास कार्यों में बाधा डालना रह गया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता पिछले कुछ दिनों से विकास कार्यों को लेकर सफेद झूठ और अफवाहें फैला रहे थे। जब हमने मीडिया के साथ मौके पर जाकर उनके इस झूठ का कच्चा चिट्ठा खोला और जनता के सामने सच्चाई रखी, तब से विपक्षी खेमे में भारी छटपटाहट है। इसी बौखलाहट में वे अब हमारे आराध्य देवों के प्रतीकों को राजनीति में घसीट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की विकासपरक सोच और धामी सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों के साथ मजबूती से खड़ी है। कांग्रेस द्वारा बोले गए हर झूठ का जवाब जनता आगामी समय में भी इसी तरह भाजपा के पक्ष में जनादेश देकर देगी।महापौर ने कहा कि कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा से ही हमारे देवी-देवताओं और सांस्कृतिक मान-बिंदुओं पर आपत्ति जताने का रहा है। जिस डमरू और त्रिशूल का ये लोग उपहास उड़ा रहे हैं, वही उनकी राजनीति के अंत का कारण बनेगा। विकास शर्मा ने कहा कि रूद्रपुर में जब भव्य त्रिशूल स्थापित किया गया, तब भी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने अनर्गल बयानबाजी की थी और आज जब महादेव के डमरू की बात हो रही है, तो पूरी कांग्रेस विलाप कर रही है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, मैं कांग्रेस के उन नेताओं को बता देना चाहता हूं कि जब महादेव का डमरू बजेगा, तो उनके युवराज को यहां से भागने का रास्ता नहीं मिलेगा। जिन लोगों को भगवान राम और भगवान शिव के अस्तित्व से हमेशा आपत्ति रही है, उन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठनों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना और भारतीय संस्कृति को नीचा दिखाना कांग्रेस का मूल चरित्र बन चुका है। जनता अब इनकी कठपुतली राजनीति को समझ चुकी है। लोग विकास की सोच वाली भाजपा पर अटूट विश्वास जता रहे हैं, जिससे कांग्रेस का वजूद खतरे में पड़ गया है।

# आर.ए.एन. स्कूल में एडवेंचर कैंप का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचक एडवेंचर कैंप का आयोजन के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं साहसिक गतिविधियों की व्यवस्था की गई थी। बच्चों ने बर्मा ब्रिज, पैडल बोट, वाटर रोलर, बॉडी जॉर्ब, ट्रैम्पोलिन, कमांडो बल्कि उनमें आत्मविश्वास, टीम भावना और साहस का भी विकास हुआ।कैंप के दौरान विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से





किया गया। कैंप का शुभारंभ प्रातःकाल उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच हुआ। आयोजन को लेकर विद्यार्थियों में सुबह से ही विशेष उत्सुकता और जोश देखने को मिला।इस एडवेंचर कैंप में विद्यार्थियों क्रॉल, कमांडो नेट, मिकी माउस राइड तथा घुड़सवारी जैसी गतिविधियों का जमकर आनंद लिया। विद्यार्थियों ने सभी चुनौतियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे न केवल उनका मनोरंजन हुआ झलक रहा था। यह एडवेंचर कैंप बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ। विद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# वैसाखी पर्व पर सजा विशेष धार्मिक दीवान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वैसाखी पर्व पर आज गुरूद्वारा आदर्श कालोनी में विशेष धार्मिक दीवान सजाया गया। जिसमें रागी जत्थों, कविशरों, कथावाचकों व ढ़ाडी जत्थों द्वारा गुरू की महिमा का गुणगान कर वैसाखी पर्व का विस्तार से इतिहास बताया। इससे पूर्व गत 12 अप्रैल से प्रारम्भ हुए श्री अखण्ड पाठ साहिब का आज प्रातः





समापन किया गया। जिसके पश्चात हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर वाले भाई नवनीत सिंह, कथावाचक लुधियाना वाले भाई मनजीत सिंह, ढ़ाडी जत्था पिंड बड़ापुरा ज्ञानी परमिन्दर सिंह अमोलक, रागी जत्था रूद्रपुर भाई पवन सिंह, हजूरी कथावाचक भाई गुरभेज सिंह व रागी जत्था रूद्रपुर भाई कुलदीप सिंह ने गुरू की महिमा का गुणगान कर उपस्थित संगत को निहाल किया। इस मौके पर कथावाचक ने वैसाखी पर्व का विस्तार से इतिहास बताया। गुरूद्वारा में आज शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक विशेष धार्मिक दीवान सजाया जायेगा। गुरूद्वारा में गुरू का अटूट लंगर भी बरताया गया। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह, सचिव सतवीर सिंह, सुखदयाल सिंह, अशोक सिंह, गुरभेज सिंह, जगदेव सिंह, सतनाम सिंह, गगनदीप सिंह, मनमोहन सिंह, वरूण जोत सिंह सेठी, सुखवीर सिंह, तनप्रीत सिंह, गुरदित्ता सिंह, गुरप्रीत सिंह, जसविन्दर सिंह बॉबी, महेन्दर कौर, कुलवंत कौर, कुलदीप कौर, निरपाल कौर, संदीप कौर, अरविन्दर कौर, हरमीत कौर, वंशिका ठुकराल, सिमरन कौर सहित भारी संख्या में संगत मौजूद थी।


"ॐ श्री परमात्मने नमः"



आप सभी देशवासियो को बैसाखी एवं चैत्र सक्रांन्ति की बहुत बहुत बधाईयाँ, हम सब मिलकर परम-पिता परमेश्वर निराकार प्रभूजी से विश्व में सुख-शान्ति की प्रार्थना करें।

सत्यम्–शिवम् सुन्दरम्– ZOO

डा० नारायण दास अदलखा

SAHAS Homeo

साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक

जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय

होम्योपैथिक फिजिशियन

बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग

अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • स्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस

बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना

साहस होम्यो क्लीनिक

निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

मो. 9456727473, 9410514531 रविवार अवकाश

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–

विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः–

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
SANSUI
LLOYD
mi
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
Festival Offer
HOME APPLIANCES
पर पाए ऐसे ऑफर्स,
खरीदे बिना रहा ना जाए
गुरू माँ
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772,
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544,
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


देवभूमि
उत्तराखण्ड
आगमन पर प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
का हार्दिक स्वागत
एवं अभिनंदन
उत्तराखण्ड शासन
उत्तराखण्ड
"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
संकल्प से शिखर तक
रूपये 11970 करोड़ की
210 किमी. लम्बी
दिल्ली- देहरादून
इकोनॉमिक कॉरिडोर
परियोजना का लोकार्पण
प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
के कर कमलों द्वारा
"माननीय प्रधानमंत्री जी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में राज्य में आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 'विकसित भारत @2047' के विजन को साकार करने में उत्तराखंड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संकल्पबद्ध है।"
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
गरिमामयी उपस्थिति
ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि) राज्यपाल, उत्तराखण्ड
नितिन गडकरी
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
अजय टम्टा
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री
श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह
सांसद
आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
कार्यक्रम
दिनांक : 14 अप्रैल 2026
समय : प्रातः 10:00 बजे
स्थान:
जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड,
गढ़ी कैंट देहरादून,
उत्तराखण्ड
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अभी क्यों गए छोड़ कर

देवी मां सरस्वती को शायद ही किसी ने देखा, सुना और अनुभव किया होगा, लेकिन कुछ पीढियों ने मां सरस्वती के दो चेहरे देखे हैं। दो प्रतिमाएं और दो प्रतिकृतियां न केवल देखी हैं, बल्कि उनकी सुर-साधना, अप्रतिम, खूबसूरत गायकी की साक्षी भी रही हैं। मां सरस्वती का एक चेहरा लता मंगेशकर थीं, जिनके लिए कोई भी उपमा, रूपक या विशेषण बहुत छोटे हैं। लता जी वाकई 'भारत-रत्न' थीं। देवी मां का दूसरा चेहरा आशा भोंसले का है, जो पार्थिव रूप से हमें छोड़ कर चली गई हैं। आशा जी अपनी बड़ी बहन और संगीत की वटवृक्ष लता मंगेशकर की न तो छाया थीं, न ही विकल्प थीं, बल्कि खुद एक संस्थान थीं। मां सरस्वती ने उन्हें ऐसी आवाज, खनक, लोच, चंचलता, बालपन, शोखियां, रोमांस, मुर्कियां बख्शी थीं, जो दुर्लभ थीं और आज तो ऐसी बहुमुखी प्रतिभा की कल्पना तक नहीं की जा सकती। यह बात लता जी ने भी एक साक्षात्कार में कही थी कि दूसरी लता हम सबके सामने आ सकती है, लेकिन दूसरी आशा पैदा नहीं हो सकती। निश्चित रूप से आशा जी की गायकी वहीदा रहमान, आशा पारेख के लिए भी थी, तो हेलन, बिंदु, अरुणा ईरानी सरीखी नृत्यांगनाओं और कुछ खलनायक किरदारों के लिए भी थी। उन्होंने 'उमराव जान' में रेखा के लिए जो +गखालें गाईं, वह आशा जी के गायन-हुनर का एक अनूठा आयाम था। उस गायकी ने सभी को चौंका दिया कि आशा जी इतने ठहराव के गाने भी गा सकती हैं, लिहाजा उस फिल्म के लिए उन्हें पार्श्व गायिका के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये सम्मान तो आशा जी पेशेवर पहचान का एक हिस्सा मानती थीं, लेकिन भारत में और विदेशों में न जाने कितनी पीढियां उनके गीत सुनते, गुनगुनाते जवान हुईं, बूढ़ी भी हो गईं और 'इंडियन आयडल' के मंच पर किशोर-युवा पीढ़ी आज भी उनके गीत शिद्दत से गा रही है। यह है हुनर का अमरत्व, निरंतरता और चिरंतनता! ऐसा लगता है, आशा जी पर कोई दैवीय कृपा थी, जो वह 90 साल की उम्र तक गाती रहीं, कंसर्ट करती रहीं। उनके करीब आठ दशक के करियर में उन्होंने 20 देसी-विदेशी भाषाओं में 12,000 से अधिक गीत गाए। उन्हें सबसे अधिक रिकॉर्ड किए गए गायक के तौर पर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज किया गया। बेशक यह अतुलनीय, अभूतपूर्व सम्मान था। उन्हें सिनेमा में गायकी के अप्रतिम योगदान के लिए भारत सरकार ने सर्वोच्च 'दादा फाल्के सम्मान' से नवाजा। भारत सरकार ने उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से भी अलंकृत किया। दो राष्ट्रीय पुरस्कार और 9 'फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ गायिका' के सम्मान भी मिले। महाराष्ट्र सरकार ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया, लेकिन आशा जी हमेशा मानती रहीं कि जो जनता उनके गाने सुनती, गुनगुनाती है और भर-भर कर प्यार देती है, वह ही सर्वश्रेष्ठ और विराट सम्मान है। बहरहाल आज पार्थिव रूप से वह हमारे बीच नहीं रहीं। अब उनका हंसता, मुस्कुराता, अठखेलियां करता, कुछ ठुमके लगाता व्यक्तित्व साक्षात हमारे सामने नहीं होगा, लेकिन कलाकार तो 'चिरंजीवी' होता है। वह अपनी कला के जरिए जीवंत और प्रासंगिक बना रहता है। अंग्रेजी की एक पुरानी कहावत याद आ रही है, जिसका अनुवाद यह हो सकता है-हे मौत! तू इतना गुरूर मत कर। मैं अपनी कला में सदैव जिंदा रहूंगा। बहरहाल आज आशा जी के कुछ पुराने, सदाबहार, हिट गानों की पंक्तियां याद आ रही हैं। उन्हीं में से एक गीत के आधार पर हमने अपने संपादकीय का शीर्षक तय किया है। हम हमेशा उन गानों को गुनगुनाएंगे। याद रखेंगे कि आशा जी को 'अंतरराष्ट्रीय ग्रैमी अवार्ड' के लिए भी नामांकित किया गया था। याद करते रहेंगे कि जिन बेटियों के पिता बहुत बचपन में ही गुजर गए, उन्होंने रोजी-रोटी के लिए कितना संघर्ष किया होगा! अंततः आसमान छुए। आशा जी ऐसी गायिका थीं, जिन्होंने ओपी नैयर के साथ-साथ रोशन, मदनमोहन, खय्याम, कल्याण जी आनंदजी, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल और नए अंदाज के संगीतकारों के साथ काम किया। हर भाव के गाने गाए। हम उस मखमली एहसास, प्रयोगधर्मी आवाज, पाश्चात्य गायन को कभी भूल नहीं सकते।

# नारी शक्ति अधिनियम लोकतंत्र का स्वर्णिम अध्याय: भावना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाजपा संभाग कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक 2023) के सन्दर्भ में जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मुख्यवक्ता के रूप में उत्तराखंड राज्य आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष सुश्री भावना मेहरा द्वारा इस अधिनियम पर विस्तृत चर्चा एवं जानकारी दी गई। उन्होंने अधिनियम को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्त भविष्य का सूर्योदय बताते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक अधिनियम महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है जिससे समाज में समानता और समावेशिता को नई दिशा मिलेगी। उन्होने बताया कि वर्तमान में संसंद और विधान सभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्य 13.63 प्रतिशत है। इस कानून के लागू होने के बाद लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा जो आने वाले भविष्य की चुनाव में महिला भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। उन्होने कहा 19 सितम्बर 2023 को



मोदी सरकार ने विशेष संसदीय सत्र के दौरान नवनिर्मित संसद भवन में इसे 128वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश किया। लोकसभा में 20 सितम्बर और राज्यसभा में 21 सितम्बर 2023 को सर्वसम्मति से पारित होने के बाद 28 सितम्बर 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के साथ यह कानून बन गया। यह अधिनियम दशको से चली आ रही महिलाओं के राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भावना मेहरा ने कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति और नारी उत्थान के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2023 में संसद में इस अधिनियम को पारित कर बाबा साहेब के सपनों को साकार किया। उन्होंने कहा कि अब समय है इस महान लोकतांत्रिक पहल पर गर्व करने का क्योंकि इसके माध्यम से महिलाएं संसद और विधान सभाओं में पहुंचकर निर्णय लेने की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाएंगी और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। यह पहल नए भारत के सशक्त समृद्ध और आत्मनिर्भर भविष्य की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगी। मेहरा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, सुरक्षित मातृत्व अभियान लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां सशस्त्र बलों में कमांड स्तर तक अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं जिसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में देखने को मिला है जो नारी शक्ति के बढ़ते सामर्थ्य आत्मविश्वास और देश के विकास में उनकी निर्णायक भूमिका का स्पष्ट प्रमाण है।सुश्री भावना मेहरा ने सभी राजनीतिक दलो से अपील की कि इस विधेयक को राजनीति से उपर उठकर समर्थन दे ताकि महिलाए देश के नीति निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि 16. 17 व 18 अप्रैल का विशेष सत्र इसलिए अहम है क्योकि इससे आने वाले 2029 के चुनाव का सकारात्मक भविष्य तय होगा और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भागीदारी से विश्व पटल पर भारत एक विश्वगुरु के रूप में परिलक्षित होगा। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लागू होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो नारी शक्ति सम्मेलन, स्कूटी रैली, पद यात्रा, दीवार लेखन की जानकारी प्रेषित कर जन समर्थन हेतु मिस्ड कॉल नम्बर 9667173333 भी साझा किया। प्रेस वार्ता में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, महामंत्री राशि जैन, आभा गोस्वामी, प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भूमिका गोयल, जिला मीडिया प्रभारी दीप्ति चुफाल, कुमाऊँ सह संयोजक अल्का जीना की उपस्थिति रही।

# नीति लाभार्थी' नहीं, अब नीति निर्माता बनेंगी महिलाए: सीमा चौहान

रुद्रपुर । भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दर्जा राज्य मंत्री श्रीमती सीमा चौहान एवं महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती रश्मि रस्तोगी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के राजनीतिक और सामाजिक उत्थान के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर करार दिया। नेताओं ने कहा कि यह कानून महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में लाकर उन्हें शासन और नीति निर्धारण की शक्ति प्रदान करेगा।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 मात्र एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के प्रति सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण



सुनिश्चित होने से देश के लोकतंत्र की नींव और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि अभी तक महिलाएं केवल सरकारी योजनाओं की श्लाभार्थीश् मानी जाती थीं, लेकिन अब वे सदन में बैठकर नीति निर्माता की भूमिका निभाएंगी।प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी ने वैश्विक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि जब महिलाएं नेतृत्व और कार्यबल में सक्रिय होती हैं, तो राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में तेजी आती है और समाज में आय की समानता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और जन-धन योजना जैसी पहलों ने महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं।नेताओं ने इस बात पर चिंता जताई कि पंचायतों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व करीब 46 प्रतिशत तक पहुंच गया है, लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनकी उपस्थिति अभी भी कम है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए यह अधि नियम अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से शासन प्रणाली अधि क संवेदनशील और समावेशी बनेगी। उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में केंद्र सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे नए भारत के निर्माण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया।इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ नीता सक्सेना, जिला महामंत्री व प्रभारी तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष शालिनी बोरा तथा जिला महामंत्री प्रीति धीर, मोईनी पोखरियल सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कटा हुआ हाथ मिलने की घटना का खुलासा ,एक गिरफ्तार

किच्छा। एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के कुशल निर्देशन में किच्छा पुलिस ने कटा हुआ हाथ मिलने की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस ने घटना के मुख्य अभियुक्त को ट्रैक्टर ट्रॉली सहित गिरफ्तार कर लिया है, जबकि साक्ष्य छिपाने में सहयोग करने वाले दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं।घटनाक्रम के अनुसार 10 अप्रैल को इन्ट्रार्क फैक्ट्री से करीब 500 मीटर दूर रुद्रपुर की ओर एक कटा हुआ हाथ बरामद हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर टीमों का गठन कर सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। जांच में सामने आया कि 8 अप्रैल की रात ड्यूटी से घर लौट रहे रामवीर पुत्र समर पाल, निवासी ग्राम मिर्जापुर बकैना



(बिजनौर) को एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद शातिर अभियुक्त ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को दूर नाले के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मृतक का शव सरिया फैक्ट्री रोड के पास झाड़ियों से बरामद किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण सड़क दुर्घटना पाया गया।मृतक के भाई यशदेव सिंह की तहरीर पर थाना किच्छा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। गहन साक्ष्य संकलन के बाद 13 अप्रैल को पुलिस ने मुख्य अभियुक्त चाँद शाह पुत्र भूरे शाह, निवासी भोजीपुरा (बरेली) को घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्रॉली सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि ओवरटेक करते समय वाहन अनियंत्रित होने से टक्कर लगी थी। इसके बाद उसने अपने साढ़ू बब्लू हाजी और दामाद शाहिद अली की मदद से शव को कार की डिक्की में रखकर ठिकाने लगाया था।पुलिस ने ट्रैक्टर अर्जुन महिंद्रा यूपी 25डीवी 1049 बरामद कर लिया है। फरार आरोपियों बब्लू हाजी और शाहिद अली की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह, उप निरीक्षक जयप्रकाश, बसन्त प्रसाद, दीपक चौहान, मदन नाथ, सुरेन्द्र भण्डारी और दीपक बोरा शामिल रहे।

# लघु व्यापारियों ने मेयर को बताईं रूद्रा वेन्डिंग जोन की समस्याएं

रूद्रपुर । लघु व्यापार एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने नगर निगम में मेयर विकास शर्मा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें रूद्रा वेंन्डिंग जोन में कार्य कर रहे व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका समाधान करने का आग्रह किया गया। सुरेश शर्मा ने बताया कि धीर पार्क अन्दर और बाहर ठेली वालों ने पुनः नई मार्केट का रूप दे दिया है। जहां खानपान की चीजें उपलब्ध कराई जा रही हैं। उनका कहना था जब पुराने स्थान पर ही लोगों को खानपान की चीजें मिल जा रही हैं तो वह रूद्रा वेंडिंग जोन नहीं



आ रहे हैं। ऐसे में यहां के दुकानदारों को निगम को दुकान किराया, बिजली बिल देने सहित अन्य आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। इसलिए बाजार में ठेली पर खानपान की चीजों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाये। उन्होंने कहा कि वेंडिग जोन में समय पर पानी न आने से व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जल निगम द्वारा पेयजल कनेक्शन लेने का दबाव डाला जा रहा है। इसलिए वेंडिग जोन में हैंण्डपम्प लगाने के साथ ही पेयजल की समस्या का समाधान कराया जाये। सुरेश शर्मा ने कहा कि वेंडिग जोन के पीछे वाली सड़क को भूत बंगला कालोनी की सड़क से जोड़ने को पुलिया का निर्माण करा दिया जाये ताकि वहां के लोगों का वेंडिग जोन से आवागमन होने से इसका लाभ यहां के व्यापारियों को मिल सके। उन्होंने कहा कि वेंडिग जोन पार्क के समीप, गुड़मंडी, अग्रसेन चौक व सब्जी मंडी में लगने वाली फल ठेलियों को उपयुक्त स्थान पर व्यवस्थित किया जाये। मेयर विकास शर्मा ने कहा कि उनकी मांगों पर विचार विमर्श कर समाधान कर दिया जायेगा। इस दौरान अशोक रस्तोगी, नन्हे सागर, प्रेम बिष्ट, करन बिष्ट, चन्दन बिष्ट, विनय शर्मा, रामकुमार, प्रमोद रस्तोगी, इन्द्रजीत सिह, राजेश मंडल, रमेश बिष्ट आदि मौजूद थे।

# महिला युवा संसद में गदरपुर की मुस्कान ने रखा कॉर्पोरेट मंत्री के रूप में पक्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित महिला युवा संसद कार्यक्रम में गदरपुर की मुस्कान चावला ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के अंतर्गत श्नारी शक्ति- विकसित भारत की आवाजश विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुस्कान ने कॉर्पोरेट मंत्री की भूमिका निभाते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के समक्ष नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पुरजोर समर्थन किया।महिला युवा संसद में दिल्ली और उत्तराखंड से चयनित कुल 40 युवा महिलाओं ने मंत्री और सांसदों के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने युवा महिला सांसदों और मंत्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ही विकसित भारत के सपने को साकार करेगी। गौरतलब है कि मुस्कान



चावला नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर, विकास खंड गदरपुर की पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रही हैं और इससे पूर्व भारत के संसद भवन में भी उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए भाषण दे चुकी हैं। इसी कार्यक्रम के दूसरे दिन आयोजित श्माय भारत बजट क्वेस्ट 2026श की नेशनल लेवल क्विज और निबंध प्रतियोगिता में गदरपुर की तनीषा चावला ने भी सफलता प्राप्त की। तनीषा ने दिल्ली में आयोजित बजट संवाद कार्यक्रम में उत्तराखंड और जिला उधम सिंह नगर का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने वर्चुअल माध्यम से युवाओं के साथ संवाद किया, जबकि केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खड़से ने अनुभव साझा कर चयनित युवाओं का मार्गदर्शन किया।

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैंप स्थित श्री श्री राधा गोविंद मंदिर में आयोजित होने वाले सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन के शुभारंभ से पूर्व मंगलवार को धूमधाम के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्ति गीतों और मनमोहक झांकियों के बीच निकली यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की। कलश यात्रा के दौरान पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता



राजकुमार ठुकराल ने भी शिरकत की। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पदयात्रा कर उनका उत्साह बढ़ाया और भगवान का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि अखंड महानाम संकीर्तन जैसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सुख, शांति और आपसी भाईचारे का संचार होता है। संकीर्तन के माध्यम से प्रभु का स्मरण करने से मन को शांति मिलती है और वातावरण सकारात्मक बनता है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखने के लिए ऐसे सामूहिक आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। कलश यात्रा में सजी विभिन्न धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

# एसएसपी ने किया बाजपुर कोतवाली का निरीक्षण

## उत्कृष्ट कार्य के लिए दो पुलिसकर्मी पुरस्कृत, जनता दरबार में सुनी समस्याएं

बाजपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा सोमवार को कोतवाली बाजपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गार्द द्वारा सलामी दी





गई, जिसके उपरांत एसएसपी ने कोतवाली परिसर का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, कर्मचारी बैरक एवं भोजनालय सहित समस्त व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा और अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं, शिकायती प्रार्थना पत्रों और वारंटों की तामीली की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही जवानों की शस्त्र हैंडलिंग और आपदा प्रबंधन उपकरणों की कार्यशीलता को भी परखा गया। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु उन्होंने गश्त, पिकेट और चीता ड्यूटी को प्रभावी बनाने तथा बीट प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया। उत्कृष्ट वर्दी टर्नआउट एवं मालखाना रखरखाव के लिए दो पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया। निरीक्षण के उपरांत कोतवाली परिसर में आयोजित जनता दरबार में एसएसपी ने आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद कर्मचारी सम्मेलन में पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। एसएसपी अजय गणपति ने अपने संदेश में कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का वातावरण स्थापित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर विधायक शिव अरोरा ने दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संविधान निर्माता और शोषितों-वंचितों के मसीहा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सदैव दलितों और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ी। उनके द्वारा निर्मित मजबूत संविधान की बदौलत ही आज भारत की पहचान विश्व पटल पर एक सशक्त और अटूट लोकतंत्र के रूप में होती है। देश के पहले कानून मंत्री



के रूप में उन्होंने राष्ट्र को जो दिशा दी, वह अतुलनीय है। उनके नेतृत्व में तैयार संविधान ने न केवल देश को एकता के सूत्र में पिरोया, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी मुख्यधारा से जोड़कर देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया। विधायक अरोरा ने आगे कहा कि बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ जो अलख जगाई, उसी का परिणाम है कि आज देश में समानता का भाव आया है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम सामाजिक और राजनीतिक जीवन में जनसेवा कर रहे हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान भाजपा काशीपुर जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मुकेश पाल, पार्षद राजेश जग्गा, पवन राणा, धर्म सिंह कोली, सुनील वाल्मीकि, चन्द्रसेन चंदा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान, संदीप राव, राजेश कामरा, मनोज मदान, जीतेन्द्र संधू, विकास सागर, विजेंद्र सागर, सुनील सिंह, डीके गंगवार, सुदीप डे और विष्णु सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता प्रमोद मित्तल ने पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर चौक पर श्रद्धा, सेवा एवं सामाजिक समरसता के भाव से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने सभी साथियों एवं समाजसेवी लोगों के साथ मिलकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के पर्यावरण पर्यवेक्षक करम सिंह दानू, पर्यावरण मित्र राजपाल सिंह, मनोज कुमार, शिवम कुमार तथा पर्यावरण मित्र महिला विंग की श्रीमती किरण, श्रीमती सरोज, श्रीमती विजया एवं श्रीमती सुमन को माला पहनाकर सम्मानित किया



गया। प्रमोद मित्तल ने कहा कि स्वच्छता एवं जनसेवा में लगे ये सभी कर्मवीर समाज के सच्चे प्रहरी हैं, जिनका योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच फलों का प्रसाद एवं भोजन का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती रश्मि रस्तोगी, संस्कार भारती के निवर्तमान अध्यक्ष कुशाल अग्रवाल, प्रमोद यादव, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रीति धीर, भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट मनीष मित्तल, अमित मित्तल, सुनील पचौरी, राजकुमार बिंदल, कमल पाल, श्रीमती उषा शर्मा, राज कोली, रवि रस्तोगी, सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने तथा समाज में समरसता, समानता और भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

## पेज एक का शेष...

**इंफ्रास्ट्रक्चर से बदल.....** थीं, लेकिन अब सड़कें गांवों तक पहुंच रही हैं और वीरान गांव फिर से आबाद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग अपने भविष्य के लिए हाथ की रेखाएं देखते हैं, उसी तरह किसी राष्ट्र की भाग्य रेखाएं उसकी सड़कें, हाईवे, रेलवे और एक्सप्रेसवे होते हैं। देश आज ऐसी ही विकास की भाग्य रेखाओं को मजबूत करने में जुटा हुआ है।उन्होंने आगामी चारधाम यात्रा का उल्लेख करते हुए पंच बद्री, पंच केदार, पंच प्रयाग और क्षेत्र के सभी आराध्य देवों को नमन किया। उन्होंने मां डाट काली के आशीर्वाद का उल्लेख करते हुए कहा कि इतने बड़े प्रोजेक्ट को पूरा करने में दिव्य शक्ति का सहयोग मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना उत्तराखंड को नई गति देगी और गाजियाबाद, बागपत, बड़ौत, शामली और सहारनपुर जैसे क्षेत्रों को भी लाभ पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि यह दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा।प्रधानमंत्री ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के निर्णय संविधान की भावना को पूरी तरह लागू करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देश में अब संविधान पूरी तरह लागू है और सरकार गरीबों व वंचितों को वास्तविक सामाजिक न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की अवधारणा को डॉ. आंबेडकर ने भी मजबूती से रखा था। प्रधानमंत्री ने संबोधन में कहा कि साथियों, मैं आपको एक आंकड़ा देना चाहता हूँ। 2014 से पहले पूरे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर सालाना 2 लाख करोड़ रुपये भी खर्च नहीं होते थे। आज वही निवेश बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। और 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स पर काम लगातार चल रहा है। जहां पहले पूरे देश के लिए इतना बजट होता था, आज केवल उत्तराखंड के लिए ही सवा दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। आज देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार हो रहा है। दिल्ली मेट्रो का विस्तार हुआ है, मेरठ मेट्रो शुरू हुई है, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है, रेलवे का आधुनिकीकरण हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि हम ऐसा विकसित भारत बना रहे हैं, जहां प्रगति भी हो, प्रकृति भी हो और संस्कृति भी हो। हर निर्माण इन तीनों के संतुलन को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि उत्तराखंड को आज एक ऐसी ऐतिहासिक सौगात मिल रही है जो राज्य के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब दो से सवा दो घंटे में पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर बाईपास से हरिद्वार तक का कॉरिडोर जून में शुरू किया जाएगा। देहरादून में 1700 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन बाईपास बनाया जाएगा और हरिद्वार में 2300 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन बाईपास का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। देहरादून से मसूरी के बीच 800 करोड़ रुपये की लागत से दो लेन सड़क की डीपीआर तैयार की जा रही है।उन्होंने बताया कि 5200 करोड़ रुपये की लागत से टनकपुर पिथौरागढ़ होते हुए लिपुलेख तक सड़क बनाई जा रही है, जिसे एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को लगभग एक लाख तीस हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं दी गई हैं और अस्सी हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं अभी डीपीआर चरण में हैं। पांवटा साहिब देहरादून चार लेन परियोजना मई तक पूरी हो जाएगी, जबकि 1106 करोड़ रुपये की ऋषिकेश बाईपास परियोजना अगस्त तक शुरू होगी। देहरादून आशारोड़ी के बीच 936 करोड़ रुपये की लागत से 15 किलोमीटर लंबा चार लेन मार्ग अगले वर्ष तक पूरा किया जाएगा। जोशीमठ से मलारी के बीच 630 करोड़ रुपये की लागत से दो लेन सड़क दिसंबर 2026 तक पूरी करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक्सप्रेसवे उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस एक्सप्रेसवे में एशिया का सबसे लंबा 12 किलोमीटर का एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर शामिल है, जो राजाजी नेशनल पार्क से होकर गुजरता है। यह एक्सप्रेसवे दिल्ली के अक्षरधाम से शुरू होकर बागपत, शामली, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर होते हुए देहरादून तक जाता है। इसमें वाहनों की अधिकतम गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। इसमें 113 अंडरपास, 10 बड़े पुल और डाट काली मंदिर के पास 370 मीटर लंबी सुरंग भी बनाई गई है। वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए विशेष अंडरपास और एलिवेटेड कॉरिडोर बनाए गए हैं तथा यात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग में 12 से 14 साइड सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच संपर्क को और अधिक सुगम बनाएगी तथा चारधाम यात्रा के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में मंच पर राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ी, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, खजान दास, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**प्रधानमंत्री का १२ किमी.....** इस मैराथन रोड शो का समापन गढ़ी कैंट स्थित जसवंत सिंह सेना मैदान में हुआ। प्रधानमंत्री के मैदान में प्रवेश करते ही वहां मौजूद हजारों लोगों ने खड़े होकर तालियों और गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया। आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने सबसे पहले उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री का यह रोड शो न केवल राजनीतिक दृष्टि से बल्कि देवभूमि के प्रति उनके लगाव को प्रदर्शित करने वाला एक यादगार पल बन गया।

**पीएम मोदी ने डाट....** आस्था से जुड़े पहलुओं से अवगत कराया। प्रधानमंत्री का यह सादगीपूर्ण और भक्तिमय अंदाज वहां मौजूद श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। उनके दौरे से मंदिर परिसर "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

**पेड़ पर चढ़ा गुलदार....** जिसके कारण रेस्क्यू ऑपरेशन और भी अधिक संवेदनशील हो गया था।रेंज अधिकारी पूरन सिंह खनायत ने बताया कि भीड़ अधिक होने के कारण खतरा बढ़ रहा था, लेकिन टीम की सूझबूझ से वन्यजीव को सुरक्षित काबू कर लिया गया। वन विभाग के अनुसार, यह गुलदार पिछले कुछ समय से लुटाबड़ क्षेत्र में सक्रिय था और पालतू जानवरों का शिकार कर रहा था। इसे पकड़ने के लिए पहले पिंजरा भी लगाया गया था, लेकिन सफलता अब मिली। प्राथमिक उपचार और जरूरी जांच के बाद गुलदार को सुरक्षित जंगल में छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**यूपी पुलिस ने ....** की पत्नी सविता अन्य लोगों के साथ चौकी पहुंची, तो पुलिसकर्मियों ने उनके सामने भी संजय को पीटना जारी रखा और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पिटाई के कारण संजय वहीं बेहोश हो गया। युवक को अचेत देख पुलिस के हाथ-पांव फूल गए, जिसके बाद उन्होंने उस पर पानी डालकर उसे होश में लाया और आनन-फानन में कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित संजय ने बताया कि पुलिस की बर्बरता के कारण उसके पूरे शरीर पर चोटों के निशान हैं और पैर की हड्डी टूट गई है। घटना से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत बिलासपुर थाने में की है, जहां पुलिस अधिकारियों ने जांच कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि रक्षक से भक्षक बने इन पुलिसकर्मियों पर विभाग क्या कार्रवाई करता है।

# मंदिर में चोरियों के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगला स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में पिछले लंबे समय से हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में पत्रकार सुनील मेहता ने बताया कि दुर्गा मंदिर नगला में वर्ष 2023 से लगातार चोरी की घटनाएं घटित हो रही हैं। चोरों द्वारा कभी मंदिर के कलश, तो कभी दान पात्र से नकदी उड़ा ली जाती है। हद तो तब हो गई जब पूर्व में दो बार चोर पूरा दान पात्र ही उठा ले गए। ताजा मामला सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है, जिसमें 28 दिसंबर 2025 की रात्रि करीब 2 बजकर 10 मिनट पर एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, गेरुवे वस्त्र धारण किए हुए इस संदिग्ध व्यक्ति ने मंदिर में रखे दान पात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी दान राशि चोरी की और मौके से फरार हो गया। तहरीर में कहा गया है कि पूर्व में हुई चोरियों की फुटेज भी सुरक्षित है, जिससे स्पष्ट है कि मंदिर परिसर में अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इन निरंतर वारदातों से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध प्रभावी धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर; उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शहीद भगत सिंह की कांस्य प्रतिमा का हुआ भव्य अनावरण

## सांसद भट्ट, विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा ने पूरी की प्रतिमा अनावरण की रस्म, देश भक्ति नारों से गूंजा चौक

रुद्रपुर। शहर के भगत सिंह चौक पर सोमवार को भव्य कार्यक्रम में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की भव्य आदमकद कांस्य प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट, संगठनों के प्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर घ्सांसद अजय भट्ट ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए इस दिन को रुद्रपुर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने वाला बताया। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह केवल एक व्यक्ति नहीं आज भी देश की एकता और अखंडता के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत है। इस प्रतिमा की स्थापना उन तमाम बलिदानियों को एक सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। विधायक शिव अरोड़ा ने इस अवसर पर करती थी। विधायक ने कहा कि जर्जर अवस्था और अव्यवस्थाओं से घिरे इस पार्क का जीर्णोद्धार करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की सामाजिक संस्थाओं और शासन-प्रशासन के सामूहिक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज यह स्मृति उस पहचान को वह गरिमा वापस मिली है जिसकी वह हकदार थी। महापौर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीद भगत सिंह के जीवन से सीख लें और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाएं। उन्होंने आने वाले समय में शहर के लिए कई अन्य प्रमुख समाजसेवी डॉक्टर मनमोहन सिंह और जसविंदर सिंह खरबंदा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान, प्रमोद मित्तल, सुरेंद्र रज्जी, धीरेंद्र मिश्रा, हरजीत सिंह, अमित नारंग, सुनील ठुकराल, ओम प्रकाश









रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा और नगर निगम के महापौर विकास शर्मा ने संयुक्त रूप से विधि-विधान के साथ प्रतिमा के अनावरण की रस्म पूरी की। जैसे ही प्रतिमा से पर्दा हटा, पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और शहीद भगत सिंह अमर रहे के गगनभेदी उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इस गौरवमयी पल के साक्षी बनने के लिए शहर के प्रबुद्ध नागरिक और विभिन्न सामाजिक बल्कि एक विचारधारा हैं जिन्होंने मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया ताकि हम एक स्वतंत्र राष्ट्र में सांस ले सकें। सांसद ने प्रतिमा स्थापना के मार्ग में आए अवरोधों को दूर करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटिश हुकूमत की दमनकारी नीतियों के सामने न झुकने वाले यह महानायक अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि भगत सिंह चौक पर इस विशाल मूर्ति का लगना एक सपने के धरातल पर उतरने जैसा है। उन्होंने चौक की पूर्ववर्ती स्थिति पर गहरा क्षोभ प्रकट करते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों से यह स्थान उपेक्षा का शिकार था। पूर्व में स्थापित प्रतिमा न केवल आकार में छोटी थी बल्कि खंडित अवस्था में होने के कारण हर देशभक्त के मन में टीस पैदा स्थल अपनी भव्यता बिखेर रहा है। यह स्थल अब युवाओं में राष्ट्रवाद का संचार करने वाला एक ऊर्जा केंद्र बनेगा। महापौर विकास शर्मा ने सरकार की विकासपरक नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार रुद्रपुर को एक मॉडल शहर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह चौक शहर की प्राचीन पहचान है और आज ऐतिहासिक परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस ऐतिहासिक गरिमामयी कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष अरुण चुघ, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार जोगेंद्र सिंह, देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, विक्रमजीत सिंह लाल, अरोड़ा, राजेश जगा, सुरेश कोली, हरविंदर चुघ, राजेश बजाज, अमृत सिंह, एमपी मौर्य, रेखा यादव, संदीप राव, मानवेंद्र रॉय, मनीष गोस्वामी, प्रीति धीर, ममता श्रीवास्तव, मोर सिंह यादव, मनोज छाबड़ा, महिंद्र आर्य, विशाल खेड़ा, प्रीत ग्रोवर, विजय तोमर, शालिनी बोरा आशा मुंजाल, और राजेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति इस ऐतिहासिक क्षण के सहभागी बने।

## डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों से सशक्त बनेगा भारत: धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए डॉ. अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने देश की एकता, अखण्डता और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने वाला संविधान देश को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों के अनुकरण से हमारा देश सशक्त बनेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने दलित एवं वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ ही उन्हें समाज में समान अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबा साहेब ने दलितों व कमजोर वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाने में प्रभावी पहल की और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्श, सिद्धांत और विचार आज भी हमें एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और समरस समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें डॉ. अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, भाईचारा और न्याय की भावना को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्र के विकास में सहयोगी बनना होगा।




## कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को याद किया। मुख्य बाजार स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसियों ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कार्यकर्ताओं के साथ आदर्श कालोनी एवं अतिरिक्त सुभाष कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर आयोजित अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ठुकराल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समतामूलक समाज की स्थापना और दलितों व वंचितों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया जो हर नागरिक को समानता का अधिकार प्रदान करता है। ठुकराल ने जोर देकर कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं और उनके आदर्शों को अपनाकर ही देश में वास्तविक सामाजिक न्याय स्थापित किया जा सकता है। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को प्रगति का मुख्य आधार बताया था, इसलिए हमें उनके शिक्षित बनो के मूल मंत्र को आत्मसात करना चाहिए। इस दौरान परिमल राय, बाबू खान, इंद्रजीत



सिंह, चिराग कालरा, गौरव खुराना, परवेज कुरैशी, बबलू सागर, संजीव गुप्ता, अंकित चन्द्रा, मोनिका ढाली, विकास मल्लिक, मुरारी, दिनेश, गोपाल भसीन, रामसेवक कोली, कुंवर पाल कोली, रणजीत तिवारी, अनिल खत्री, सेवाराम, दानवीर कोली, रोहित चौहान, अर्जुन विश्वास, गुड्डू, प्रदीप, शिवम सागर, सतीश कुमार, संजीव रस्तोगी, संजय गुप्ता, मोहन भारद्वाज, ज्योति टम्टा, रामिन विश्वास, हनी ग्रोवर, अशोक यादव, चंद्र चुग, राकेश कोली, शिवम, अबरार अहमद, रंजीत, नरेंद्र सिंह, सोनू खान, फैज खान, नसरुद्दीन, हाजी नबी अहमद, अब्दुल गफ्फार, गगन ग्रोवर, संजय ठुकराल, रणजीत सागर, दीपक सागर, सुशील सागर, केरू मंडल, आशीष श्रीवास्तव, दिनेश कोली, बॉबी टुटेजा, गब्बर कोली, राजू गुप्ता, मनीष ठुकराल, बंटी राजोरिया, अंकित बटला, केपी गंगवार, डॉ. मंसूरी, हिम्मत राम कोली, अनूप कोली, कमल देव सोनकर, सुखवंत सिंह, राजेश कुमार और विश्वकर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जिलो हजारों साल**



**मानवी गाबा**
को समस्त परिवारजनों एवं उत्तरांचल दर्पण की ओर से चतुर्थ जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

